# न्यायालय उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम :– पंकज गढ़वाल ( आर0ए0एस0 )

मिसल न0– 28/2024

अनवान :–

1. सांवरमल पुत्र जयपाल जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर (हनुमानगढ)

सायल

बनाम्

1. विमला देवी पत्नी इन्द्राज जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर।।
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

असल गैरसायल

3. रामदयाल पुत्र जयपाल जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर।।

तरतबी गैरसायलान

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 251–(क) राज0 काश्तकारी अधिनियम सन् 1955

उपस्थित :– श्री रविन्द्र कुमार गोदारा अविक्ता सायल

निर्णय दिनांक : 11/02/2025

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 (क) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया की रोही मौजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 126/127 के कुल 0.0130हैक्‍ भूमि सायल के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है एव खाता संख्या 8/7 की कुल 0.8980हैक्‍ भूमि सायल व तरतीबी गैरसायल संख्या 1 की मुश्तरका खाता की भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।रोही मोजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 94/86 की कुल 0.4930हैक्‍ भूमि गैरसायला सख्या 1 के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

सायल व तरतीबी गेरसायल की भूमि रोही मौजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 8/7 की कुल 0.8980हैक्‍ में आवागमन हेतु राजस्व रिकार्ड में कोई रास्ता स्वीकृतशुद्वा उपलब्ध नही है इसलिये सायल का अपनी खातेदारी भूमि में आवागमन करने में भारी पेरशानी का सामना करना पडता है।

सायल व गैरसायल संख्या 1 की भूमि एक दुसरे के चिपते हुए है इसलिये सायल व तरतीबी गैरसायल अपने गांव फेफाना से चलकर स्वीकृतशुद्वा रास्ता से होते हुए सायल के खेत रोही मोजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 126/127 के प0न0 362/383 (45) के किला न0 1/3 की 0.0130हैक्‍ में से होते हुए गैरसायला संख्या 1 की भूमि रोही मौजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 96/86 के प0न0 362/383 (45) के किला न0 10 मिन उत्तरी पूर्वी कोना की 0.0012हैक्‍ भूमि में से होते हुए सायल व तरतीबी गैरसायल अपने खेत चक 7 जेएसएन के के खाता संख्या 8/7 के प0न0 362/383 (45) के किला न0 9/1 में प्रवेश करता है और यही रास्ता सुगम व सुविधाजनक है जो हमेशा से चालू है किन्तु राजस्व रिकार्ड में स्वीकृत नही है जिसे सायल स्वीकृत करवाकर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः सायल का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर सायल की भूमि रोही मौजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 126/127 के प0न0 362/383(45) के किला न0 1/3 की 0.0130हैक्‍ भूमि एवं गैरसायला संख्या 1 की भूमि रोही मौजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 94/86 के प0न0 362/383(45) के किला न0 10 के मिन उत्तरी पूर्वी कोना की 0.0012हैक्‍ भूमि में रास्ता स्वीकृत कर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के आदेश फरमावे।

सायल का प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर गैरसायल को जरिये सम्मन तलब किया गया तरतीबी गैरसायल संख्या 3 ने सायल जरिये अधिवक्ता उपस्थित आकर सायल के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया गेरसायल संख्या 1 जो रजिस्टर्ड सम्मन से तलब करने के उपरान्त भी न्यायालय में उपस्थित नही आने पर एकपक्षिय कार्यवाही की जाकर वकील सायल की एकपक्षिय बहस सुनी गई।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2025.02.25 18:36:48 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

सायल के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की सायल को अपनी खातेदारी भूमि में आवागमन करने हेतु कोई स्वीकृत रास्ता नही है सायल व तरतीबी गैरसायल अपने गांव फेफाना से चलकर स्वीकृतशुद्वा रास्ता से होते हुए सायल के खेत रोही मोजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 126/127 के प0न0 362/383 (45) के किला न0 1/3 की 0.0130हैक्ट में से होते हुए गैरसायला संख्या 1 की भूमि रोही मौजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 96/86 के प0न0 362/383 (45) के किला न0 10 मिन उत्तरी पूर्वी कोना की 0.0012हैक्ट भूमि में से होते हुए सायल व तरतीबी गैरसायल अपने खेत चक 7 जेएसएन के के खाता संख्या 8/7 के प0न0 362/383 (45) के किला न0 9/1 में प्रवेश करता है और यही रास्ता सुगम व सुविधाजनक है जो हमेशा से चालू है अन्य कोई रास्ता सायल की भूमि में जाने के उपलब्ध नही है सायल यह रास्ता स्वीकृत करवाकर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहता है सायल का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमावे।

हमने उभयपक्षों की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात के अनुसार रोही मौजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 126/127 के कुल 0.0130हैक्ट भूमि सायल के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है एव खाता संख्या 8/7 की कुल 0.8980हैक्ट भूमि सायल व तरतीबी गैरसायल संख्या 1 की मुश्तरका खाता की भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।रोही मोजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 94/86 की कुल 0.4930हैक्ट भूमि गैरसायला सख्या 1 के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

सायल का कथन है सायल का अपनी खातेदारी भूमि में जाने के लिये रास्ता उपलब्ध नही है सायल गैरसायला संख्या 1 की भूमि रोही मौजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 96/86 के प0न0 362/383 (45) के किला न0 10 मिन उत्तरी पूर्वी कोना की 0.0012हैक्ट भूमि में से होते हुए सायल अपनी भूमि में पहुचता है सायल का कथन उचित प्रतित होता है।

प्रस्तुत नजरीय नक्शा के अनुसार गैरसायल की भूमि रोही मौजा चक 7 जेएसएन के प0न0 362/383 (45) के किला न0 10 में दर्ज है जो नजरीय नक्शा में हरे रंग से दर्शाई गई है तथा सायल की भूमि इसी पत्थर के किला न0 1 व 9 में दर्ज है नजरीय नक्शा में नांरगी रंग से दर्शाई गई है सायल को अपनी खातेदारी भूमि में पहुचने के लिये गैरसायल के किला न0 10 के एक कोने में रास्ता स्वीकृत करने पर सायल अपनी भूमि के किला न0 9 में प्रवेश कर सकता है जो विधि सम्मत है इसके अलावा अन्य कोई रास्ता सायल का उसकी खातेदारी भूमि में आवागमन करने हेतु उपलब्ध नही है सायल ने मात्र एक कोने पर किला न0 1 एव 9 को जोडने के लिये रास्ता चाहा गया है जो न्यायोचित है।

अतः सायल का प्रार्थना पत्र साक्ष्य सबुतों के आधार पर स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाकर सायल की भूमि रोही मौजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 126/127 के प0न0 362/383(45) के किला न0 1/3 की 0.0130हैक्ट भूमि एवं गैरसायला संख्या 1 की भूमि रोही मौजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 94/86 के प0न0 362/383(45) के किला न0 10 के मिन उत्तरी पूर्वी कोना की 0.0012हैक्ट भूमि में रास्ता स्वीकृत किया जाता है तथा रास्ते में जितनी भूमि आती है उतनी भूमि सायल गैरसायल संख्या 1 को उसकी खातेदारी भूमि के चिपते हुए रोही मौजा चक 7 जेएसएन के प0न0 362/383(45) के किला न0 1/3 में से देगा इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु तहसीलदार राजस्व नोहर को आदेश जारी किया जाकर शामिल मिसल किया गया व्यय प्रार्थना पत्र उभयपक्ष अपना अपना [illegible] पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक [illegible] द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2025.02.25 18:56:48 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्डाधिकारी ( राजस्व )
नोहर (हनुमानगढ)

# न्यायालय उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर जिला हनुमानगढ

क्रमांक : राजस्व / 2024 / 157 दिनांक 12/02/25

तहसीलदार,
नोहर

विषय :– स्वीकृत रास्ता का राजस्व रिकार्ड में अंकन करने के सम्बध में प्रार्थना–पत्र सं0 28 सन 2024 निर्णय दिनांक

अनवान :–

1. सांवरमल पुत्र जयपाल जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर (हनुमानगढ)

सायल

बनाम्

1 विमला देवी पत्नी इन्द्राज जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर।।
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

असल गैरसायल

3. रामदयाल पुत्र जयपाल जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर।।

तरतबी गैरसांयलान

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है न्यायालय में विचाराधीन उक्त अनुवानी प्रकरण में निर्णय पारित किया जाकर प्रार्थना–पत्र स्वीकार कर आदेश दिया गया है कि रोही मौजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 126 / 127 के प0न0 362 / 383(45) के किला न0 1 / 3 की 0.0130हैक्ट भूमि एवं गैरसायला संख्या 1 की भूमि रोही मौजा चक 7 जेएसएन के खाता संख्या 94 / 86 के प0न0 362 / 383(45) के किला न0 10 के मिन उत्तरी पूर्वी कोना की 0.0012हैक्ट भूमि में रास्ता स्वीकृत किया जाता है तथा रास्ते में जितनी भूमि आती है उतनी भूमि सायल गैरसायल संख्या 1 को उसकी खातेदारी भूमि के चिपते हुए रोही मौजा चक 7 जेएसएन के प0न0 362 / 383(45) के किला न0 1 / 3 में से देगा इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जाकर पालना रिपोर्ट तुरन्त प्रस्तुत करे।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2025.02.25 18:56:48 IST
Reason: SelfAttested